# लखनऊ के टेक्सटाइल पार्क में मॉल, होटल बनेंगे

**फैसला**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लखनऊ में बनने जा रहे संतकबीर पीएम मित्र टेक्सटाइल व अपैरल पार्क में शापिंग मॉल, होटल, हास्टल, कन्वेशन सेंटर तो बनेंगे ही साथ ही कर्मचारियों व श्रमिकों के लिए स्कूल व अस्पताल भी वहां होंगे।

1000 एकड़ में बन रहे इस पार्क के लिए जल्द यूपी सरकार व केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय के बीच एक एमओयू हस्तारक्षित होगा। इस संबंध में यूपी सरकार ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। इस पार्क का संचालित करने वाली एसपीवी एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम करेगी और यूपी सरकार किसी प्रशासनिक अधिकारी को इसका सीईओ बनाएगी।

इस पार्क में मैन्यूफैक्चरिंग जोन, शोध व अनुसंधान, प्रशिक्षण व परीक्षण सुविधाएं, परिवहन सुविधाएं लाजिस्टिक व वेयरहाउस सुविधाएं, कंटेनर डिपो, व्यासायिक परिसर आदि बनेंगे। इस पार्क के काम की निगरानी वस्त्र मंत्रालय करेगा और मार्गदर्शन भी देगा। यूपी सरकार ने यहां जमीन उपलब्ध करवा दी है।